ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 07-10-2025

बोकारो(झारखण्ड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2025-10-07 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2025-10-08	2025-10-09	2025-10-10	2025-10-11	2025-10-12
वर्षा (मिमी)	1.6	3.6	4.8	2.1	0.6
अधिकतम तापमान(से.)	30.8	30.6	30.2	29.9	30.2
न्यूनतम तापमान(से.)	23.5	24.0	23.4	22.8	21.8
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	87	86	87	87	85
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	57	58	61	61	56
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	3.1	4.1	6.3	6.6	6.1
पवन दिशा (डिग्री)	291	315	329	319	315
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	5	6	4	1
चेतावनी	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं

पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। तापमान में खास बदलाव के आसार नहीं है और हवा की गति सामान्य रहने की संभावना है।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

गरज और बिजली, तूफान आदि; तेज सतही हवाएं

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

फसलों का गिरना, फलों का टूटना

सामान्य सलाहकार:

फसल से अतिरिक्त वर्षा जल को निकालने के लिए जल निकासी नालियाँ बनायें। धान के प्रजनन चरण के दौरान 5-10 सेमी पानी की गहराई बनाए रखने के लिए खेत के मेड़ों को मजबूत करें। खड़े दलहनी फसलें जैसे उरद, मूँग तथा अरहर एवं मक्का की फसलों में पानी जमा ना होने दें। कीटनाशकों और उर्वरकों के प्रयोग, ऊपरी भूमि में

सब्जियों की बुआई जैसे कार्य आसमान साफ़ रहने पर ही करें। वर्तमान मौसम की स्थिति में खाली पड़े खेतों में रबी फसलों के लिए खेत की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। मिट्टी में नमी बनाए रखने के लिए जुताई और पाटा ठीक से लगाना चाहिए।

लघु संदेश सलाहकार:

बैंगन के पौधों के जड़ के पास पानी जमा न होने दें, तना एवं फल छेदक की समस्या आने पर थायोक्लोरपिड या एमामेक्टीन बेन्जोएट 1 मिलीलीटर / लीटर पानी के दर से घोल बनाकर छिड़काव करें

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
अरहर (लाल चना/अरहर)	अरहर में उकठा रोग के प्रकोप देखे जा रहे है जो अपनी वानस्पतिक अवस्था में है। इसके बचाव हेतु रोगग्रसित पौधों को उखाड़ के फेक दें, अगली बार बुवाई से पूर्व बीजोपचार अवश्य करें एवं रोगरोधी किस्मों का चुनाव करें।
मक्का	मक्का भुट्टा बनने की अवस्था में है। खेत में उचित जल निकासी नाली बनाए रखें। एफिड्स और थ्रिप्स का प्रकोप हो सकता है, यदि देखा जाए तो इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल @ 50 मिलीलीटर या थियामेथोक्साम @ 40 ग्राम को 200 लीटर पानी में मिलाकर एक एकड़ में छिड़काव करें।
चावल	धान की फसल जो फूल आने से लेके दूध भरने की अवस्था में हो उनमे गंधी कीट के प्रकोप देखे जा सकते है, इसके बचाव हेतु प्रकाश जाल से उन्हें पकड़ने की व्यवस्था करें। अगर प्रकोप ज्यादा हो तो साईपरमेथरीन 25 EC @ 0.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी करें।
रागी	वर्षा को देखते हुए किसान भाई मडुआ के फसल में जल निकासी की उचित सुविधा, जल भराव की स्तिथि में तना सड़न के प्रकोप देखे जा सकते है, इस बीमारी से बचाव हेतु किसान भाई पौधे के आसपास कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 0.25 % के दर से डालें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बेबेसिओसिस (लक्षण: तेज बुखार 106 डिग्री फारेनहाइट, लाल पानी वाला पेशाब, ज्वर, एनीमिया) से प्रभावित मवेशियों के उपचार के लिए मालिक को पशु चिकित्सक से सलाह लेने के बाद 2-3 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम शरीर के वजन के हिसाब से बेरेनिल और लीवर एक्सट्रैक्ट के साथ विटामिन बी कॉम्प्लेक्स से उपचार करना चाहिए।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मक्का एवं गेंहूँ के प्रोटीन युक्त हाईड्रो पोनिक्स चारा 10% मुर्गी दाना के अलावा दें। सफ़ेद दस्त से बचाव के लिए टेट्रा साईंक्लीन पाउडर 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलकर 100 मुर्गी को दें। अगर फिर भी दस्त की समस्या सही नहीं हो रही है तो टेट्रा साईंक्लीन पाउडर 4 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलकर 100 मुर्गी को दें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
पौध - संरक्षण	पिछले सप्ताह के दौरान बारिश और उच्च आर्द्रता की स्थिति के कारण, युवा पौधों में मुरझाने की संभावना है। खेत से पानी निकाल दें. 200 लीटर पानी में कार्बोक्सिन+थिरम @400 ग्राम या मेटालैक्सिल 8%+मैन्कोज़ेब 64% WP @400 ग्राम के साथ स्ट्रेप्टोसाइलिन 20 ग्राम मिलाकर प्रति एकड़ छिड़काव करें। फसल में पोटाश उर्वरक की अतिरिक्त मात्रा डालें।

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

फसलों का गिरना

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

सब्जी नर्सरी को सहायता प्रदान करें।

Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details